भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या 06
सोमवार, 25 नवंबर, 2024 / 04 अग्रहायण, 1946 (शक)

30 बिस्तरों वाले ईएसआई अस्पताल का निर्माण

***06. डॉ. सी. एम. रमेश:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली जिले के अचुतापुरम में 30 बिस्तरों वाले कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) अस्पताल के निर्माण को मंजूरी दे दी है;
(ख) यदि हां, तो क्या भूमि पहले ही अर्जित कर ली गई है और चारदीवारी का निर्माण कर लिया गया है;
(ग) अस्पताल के निर्माण के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/ उठाए जाने का प्रस्ताव है; और
(घ) अब तक आवंटित, संस्वीकृत, जारी और खर्च किए गए बजट का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (घ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*

*****

"30 बिस्तरों वाले ईएसआई अस्पताल का निर्माण" के संबंध में डॉ. सी. एम. रमेश द्वारा दिनांक 25.11.2024 को पूछे गए लोकसभा तारांकित प्रश्न संख्या 06 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण।

(क) से (घ): कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने दिनांक 21.02.2020 को आंध्र प्रदेश के अचुतापुरम में 30 बिस्तरों वाले ईएसआई अस्पताल की स्थापना के लिए मंजूरी दे दी है। आंध्र प्रदेश सरकार ने 2 एकड़ भूमि आवंटित की है। ईएसआईसी ने निर्माण का कार्य केंद्रीय लोक निर्माण विभाग को सौंप दिया है और अगस्त 2024 में 62,21,23,770/- रुपये के व्यय की मंजूरी भी जारी कर दी है। चारदीवारी का निर्माण कर लिया गया है।

*****